भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 912

जिसका उत्तर 23.07.2026 को दिया जाना है

गुजरात में राष्ट्रीय राजमार्ग

912. श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गुजरात के उन जिलों का ब्यौरा क्या है जो राष्ट्रीय राजमार्गों से नहीं जुड़े हैं;

(ख) क्या सरकार का विचार राज्य के सभी जिलों को राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ने का है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या समय-सीमा तय की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) गुजरात राज्य के सभी 34 जिले राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़े हुए हैं।

(ख) और (ग) भाग (क) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

*****